दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 210 मुरादाबाद 27 November 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी बोले- संविधान को समझें युवा, कई समस्याएं खुद हो जाएंगी हल




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के चलते ही आज देश के गरीब और महिलाएं सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज तमाम मुश्किलों को पीछे छोड़ आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि युवाओं को देश के संविधान की जानकारी होना जरूरी है, जब वो इसे जानेंगे तो उन्हें कई सवालों के जवाब खुद मिलेंगे।

### विश्व की निगाहें भारत पर टिकी

पीएम ने कहा कि आज के वैश्विक हालात में पूरे विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं। भारत के तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसकी मजबूत वैश्विक छवि के चलते दुनिया हमें बड़ी उम्मीदों के साथ देख रही है। पीएम ने कहा कि इसके पीछे सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान ही है।

### 26/11 आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही के दिन मुंबई में 26/11 आतंकी हमला हुआ था। पीएम ने कहा कि 14 साल पहले जब भारत अपने संविधान और नागरिकों के अधिकारों का जश्न मना रहा था, तब मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था। हमले में जान गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

### ई-कोर्ट परियोजना को किया लांच

इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सबसे पहले ई-कोर्ट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, डिजिटल कोर्ट और जस्टिस मोबाइल एप 2.0 शुरू की जाएगी। पीएम ने लांचिंग के बाद कहा कि 1949 में आज ही के दिन स्वतंत्र भारत ने अपने लिए एक नई भविष्य की नीव डाली थी। इस बार का संविधान दिवस इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत ने अपने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं

### देश को संविधान देने वाले महानुभावों को श्रद्धांजलि : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले एक ट्वीट के जरिए संविधान देने वाले देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

### अटॉर्नी जनरल बोले- सामाजिक विभाजन को मिटाने की जरूरत

अटार्नी आर वेंकटरमनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जाति और अन्य सामाजिक विभाजन को कुछ हानिकारक समस्याओं को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समानता का दावा जटिल है और नए विभाजन पैदा किए बिना कानून, समाज और अदालतों के बीच समन्वय के लिए आवास बनाया जाना चाहिए।

### स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली: रिजिजू

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि डा बीआर अंबेडकर ने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली हैं, जिसे हमे आज भी याद रखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर अदालतों में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है ताकि न्यायिक प्रणाली में हमारे देश के आम लोगों का विश्वास बढ़ाया जा सके और उन्हें भी जुड़ा हुआ महसूस कराया जा सके।

### इसलिए मनाया जाता है संविधान दिवस

देश के संविधान के निर्माता डा बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को 26 नवंबर को देश संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया था। इसका उद्देश्य देश के लोगों को संविधान के बारे में जागरुक करना भी है। संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देश के हर नागरिक को हो इसके लिए संविधान दिवस मनाने का फैसला हुआ था।

## प्रचार को मैनपुरी आए शिवपाल बोले, हमारा सहयोग लेते तो मुख्यमंत्री होते अखिलेश



मैनपुरी- लोकसभा उपचुनाव में पहली बार जसवंतनगर से निकल कर मैनपुरी जिले में प्रचार का आए प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, भाजपा पर हमलावर रहे। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वर्ष 2017 में धोखा हो गया। तब भाजपा ने हमारा फायदा उठाया। इसके बाद 2019 के चुनाव में भी भाजपा ने हमारा फायदा उठाया। यदि बीते विधानसभा चुनाव में अखिलेश हमारा सहयोग लेते तो समाजवादी की सरकार बन जाती और वह मुख्यमंत्री होते। परंतु अब परिवार एक है और कोई धोखा नहीं होगा। नेताजी को श्रद्धांजलि के रूप में डिंपल यादव को एतिहासिक जीत दिलानी है।भाजपा सरकार पर लगाया भ्रष्टचार का आरोप- शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को करहल विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक बरनाहल के गांव विनायकपुर और घिरोर ब्लाक के कोसमा में जनसभाएं की। बरनाहल की जनसभा में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वर्ष 2019 में मैनपुरी की जनता ने नेताजी मुलायम सिंह यादव को पांच साल के लिए चुना था। लेकिन समय को कौन टाल सकता है।

नेताजी ने हर वर्ग हर जाति के लोगों की मदद की। भाजपा के लोगों ने नेताजी के निधन के तीन महीने भी पूरे नहीं होने दिए और इतनी जल्दी चुनाव की घोषणा करा दी। अगर चुनाव आयोग भी दबाव में कार्य करने लगे तो लोकतंत्र कहां रह जाएगा। अब हमें बेईमान और झूठे लोगों से मुकाबला करना है। उत्तर प्रदेश में करीब छह वर्ष से भाजपा की सरकार है, परंतु एक भी वादा पूरा नहीं किया। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। किसानों की उपज का मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। किसान की खाद भी महंगी कर दी। इस बार डिंपल यादव को जिताकर उनको जवाब देना है। कोसमा की जनसभा में शिवपाल ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी एकजुट होकर काम करें। नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि पांच तारीख को डिंपल यादव के पक्षा में मतदान कर देनी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# समाजवादी पार्टी के समर्थकों-कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनके वाहनो की चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्र श्री राजेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में आज समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से मिलकर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जसवंतनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के 4 थानाध्यक्षों को जबरन छुट्टी पर भेज देने तथा समाजवादी पार्टी के समर्थकों-कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनके वाहनो की चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की और तत्काल इन पर रोक लगाने की मांग की ताकि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हो सके। श्री राजेन्द्र चौधरी के साथ सर्वश्री के0के0 श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह यादव भी प्रतिनिधिमण्डल में शामिल थे। श्री राजेन्द्र चौधरी ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि 21-मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2022 में विधानसभा 199-जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत (1) पुलिस थानाध्यक्ष बैदपुरा श्री राजीव यादव, (2) पुलिस थानाध्यक्ष चौबिया श्री जय प्रकाश यादव, (3) पुलिस थानाध्यक्ष जसवन्तनगर श्री सलमान सिद्दीकी व (4) पुलिस थानाध्यक्ष भरथना को जबरन अवकाश पर भेज दिया गया है। 199-जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जिला पुलिस प्रशासन के थानों व चौकियों के पुलिस कर्मियों द्वारा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को चिन्हित करके उनके दो पहिया, चार पहिया वाहनों की चेकिंग (जांच) करने के नाम पर उन्हें अकारण, अनावश्यक, वैध कागजातों के रहते हुए भी उनको प्रताड़ित किया जा रहा है, कई घण्टो तक उन्हें रोककर रखा जाता है ताकि वे चुनाव प्रचार न कर सके और उनके वाहनों को भी सीज कर दिया जा रहा है। वाहन चेकिंग के नाम पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों को चुनाव प्रचार से रोकने तथा उनको हतोत्साहित करने व उनमें भय पैदा करने की साजिश हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग से समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि 199 जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत (1) पुलिस थानाध्यक्ष बैदपुरा श्री राजीव यादव, (2) पुलिस थानाध्यक्ष चौबिया श्री जय प्रकाश यादव, (3) पुलिस थानाध्यक्ष जसवन्तनगर श्री सलमान सिद्दीकी व (4) पुलिस थानाध्यक्ष भरथना को जबरन अवकाश पर भेज देने के आदेश को निरस्त करके उनकी छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द की जायं तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थको को चिन्हित करके दो पहिया चार पहिया वाहनों की अनावश्यक, जबरन चेकिंग की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाये, जिससे कि स्वतंत्र, निश्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। (राजेन्द्र चौधरी) मुख्य प्रवक्ता

# 10 जुआंरी/सटोरिया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 12080 रूपये नकद व जुआं/सट्टा खेलने की सामग्री बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्र श्री राजेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में आज समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से मिलकर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जसवंतनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के 4 थानाध्यक्षों को जबरन छुट्टी पर भेज देने तथा समाजवादी पार्टी के समर्थकों-कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनके वाहनो की चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की और तत्काल इन पर रोक लगाने की मांग की ताकि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हो सके। श्री राजेन्द्र चौधरी के साथ सर्वश्री के0के0 श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह यादव भी प्रतिनिधिमण्डल में शामिल थे। श्री राजेन्द्र चौधरी ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि 21-मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2022 में विधानसभा 199-जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत (1) पुलिस थानाध्यक्ष बैदपुरा श्री राजीव यादव, (2) पुलिस थानाध्यक्ष चौबिया श्री जय प्रकाश यादव, (3) पुलिस थानाध्यक्ष जसवन्तनगर श्री सलमान सिद्दीकी व (4) पुलिस थानाध्यक्ष भरथना को जबरन अवकाश पर भेज दिया गया है। 199-जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जिला पुलिस प्रशासन के थानों व चौकियों के पुलिस कर्मियों द्वारा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को चिन्हित करके उनके दो पहिया, चार पहिया वाहनों की चेकिंग (जांच) करने के नाम पर उन्हें अकारण, अनावश्यक, वैध कागजातों के रहते हुए भी उनको प्रताड़ित किया जा रहा है, कई घण्टो तक उन्हें रोककर रखा जाता है ताकि वे चुनाव प्रचार न कर सके और उनके वाहनों को भी सीज कर दिया जा रहा है। वाहन चेकिंग के नाम पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों को चुनाव प्रचार से रोकने तथा उनको हतोत्साहित करने व उनमें भय पैदा करने की साजिश हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग से समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि 199 जसवन्तनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत (1) पुलिस थानाध्यक्ष बैदपुरा श्री राजीव यादव, (2) पुलिस थानाध्यक्ष चौबिया श्री जय प्रकाश यादव, (3) पुलिस थानाध्यक्ष जसवन्तनगर श्री सलमान सिद्दीकी व (4) पुलिस थानाध्यक्ष भरथना को जबरन अवकाश पर भेज देने के आदेश को निरस्त करके उनकी छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द की जायं तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थको को चिन्हित करके दो पहिया चार पहिया वाहनों की अनावश्यक, जबरन चेकिंग की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाये, जिससे कि स्वतंत्र, निश्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। (राजेन्द्र चौधरी) मुख्य प्रवक्ता

## नहीं बदले जा रहे दस हजार बिजली के खराब मीटर

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विद्युत वितरण निगम के पास कई महीनों से उपभोक्ताओं के परिसरों में लगाने के लिए नए मीटर नहीं हैं। बिजली कर्मी खराब मीटरों वाले कनेक्शनों का अंदाज से बिल बनाकर उपभोक्ताओं को थमा रहे हैं। इससे किसी को कम तो किसी को बिजली खपत से अधिक बिल भुगतान करना पड़ रहा है। जिले के दस हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के पिछले छह महीनों से खराब पड़े बिजली मीटरों को विद्युत वितरण निगम ने अब तक नहीं बदलवाया है। वहीं, खराब मीटर वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल समय पर बनाकर दिया जा रहा है। मीटर रीडर अंदाज से बिल बनाकर दे रहे हैं। इससे अधिकांश बिल बिजली खपत से ज्यादा आ रहे हैं। इसे जमा करना उपभोक्ताओं को भारी पड़ रहा है। दस हजार बिजली के खराब मीटर-कारपोरेशन नए कनेक्शनों के लिए ही मीटर की आपूर्ति दे रहा है। पुराने कनेक्शन के खराब मीटर को बदलवाने के लिए मीटरों की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस कारण समस्या बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि खराब मीटर वाले कनेक्शनों के बिल आईडीएफ के माध्यम से बनाए जा रहे है।-लव कुमार, एक्सईएन मीटर

## इतना मिला जेवरात-नकदी कि चांदी के बर्तन व असलहे छोड़े

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कई टीमें चोरी के खुलासे में लगी हुई है। कुछ अहम सुराग हाथ लग रहे हैं, उस पर टीमें आगे बढ़ रही हैं। जल्द खुलासे के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।-विक्रांत द्विवेदी, सीओ अलीगंज एटा राजा का रामपुर, क्या चोरों को उन पांच अलमारी से इतने जेवरात और नकदी मिल गई थी कि उन्होने चांदी के बर्तन छुए ही नहीं। चर्चा है कि चांदी के बर्तन व असलहा को चोर छोड़कर चले गए। कमरों में चांदी के बर्तन भी रखे हुए थे। दूसरी तरफ खुलासे में जुटी पुलिस संभावित जगहों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। दूसरी तरफ यह भी चर्चा है कि पीड़ित गृहस्वामी ने घर से चोरी किए गए जेवरात व नकदी की लिस्ट सौंप दी है। हालांकि पुलिस इसे लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रही है। ,बता दें कि चोरी के चार दिन बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घर से कितनी नकदी और जेवरात चोरी हुए थे। इसे लेकर काफी चर्चा है। हालांकि दर्ज कराई गई रिपोर्ट में छह महिलाओं के जेवरात रखे होने की बात बताई गई थी। 20 नवंबर की रात को थाना राजा का रामपुर के मोहल्ला कायस्थान निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू के बंद घर से चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी चोरी की थी। गृहस्वामी बेटी के घर ग्वालियर घूमने गए हुए थे। खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं।

## पुलिसकर्मियों को देश की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एसएसपी एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स में तथा अन्य समस्त अधिकारी तथा थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को देश की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। एसएसपी एटा द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को संविधान दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान बनने के बाद ही देश मजबूत हुआ। इसमें सभी को बराबर का हक दिया गया है। सभी को संविधान दिवस की महत्ता को समझना चाहिए। आपस में भाईचारा बनाए रखने के साथ ही सामाजिक दायित्व को भी निष्ठा तथा पूरी इमानदारी से निभाना चाहिए।

# खाना बनाते लगी आग शादी का सामान राख

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-खाना बनाते समय घर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जानकारी पर दमकल भी पहुंच गई और आग पर काबू पाया। मोहल्ला किदवई नगर निवासी छिन्नू खान के घर में शुक्रवार की देर शाम खाना बन रहा था। गैस लीक होने से अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते ही विकराल रूप धारण कर लिया। घर में रखा सामान जल गया। पड़ोसियों ने समर चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जानकारी पर एफएसओ केतन कुमार भी टीम के साथ पहुंच गए और आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार सात दिसंबर को घर में शादी है जिसे लेकर सामान भी रखा हुआ था। आग से सामान जल गया। बताया जा रहा है कि दो बच्चें भी फंस गए थे उन्हे सकुशल बाहर निकाल लिया गया है।

# संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- नेहरू युवा केंद्र मुरादाबाद के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित सभागार में किया गया। यह आयोजन बेहद ही महत्वपूर्ण एवं अनुशासित एवं अनूठा रहा क्योंकि इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखने वाले बड़ी संख्या में युवा और युवतियों ने प्रतिभाग किया। ग्रामीण क्षेत्र जहां तक भारत की सरकार एवं संविधान की आवाज पहुंचने चाहिए उस क्षेत्र को मंच प्रदान करने के लिए इस क्षेत्र के युवाओं को संविधान के बारे में जागरूक करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र मुरादाबाद के जिला युवा अधिकारी अंकित कुमार ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित हुआ था। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान संसद द्वारा लागू नही हुआ था बल्कि संविधान सभा द्वारा संविधान को बनाया गया था। देश को आजादी काफी संघर्षो के बाद मिली। आजादी के अमृत महोत्सव के पिछले दिनों हमनें 75 वर्ष पूर्ण किए हैं। देश में पिछले 50 वर्षो में जितना विकास किया है उससे कहीं गुना बाद के 25 वर्षो में किया है। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा भी आयेगा जब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि एक दिन में कोई कार्य नही होता है बल्कि इसके लिए लगातार प्रयासरत रहने की जरुरत रहती है हम सब संविधान के प्रति समर्पित होकर जिस स्थान पर भी है अपने दायित्वों का निवर्हन कर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें। कार्यक्रम में सबसे पहले जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावना पढ़ी गई और सभी युवाओं ने इस प्रस्तावना को दोहराया इसके बाद कार्यक्रम में एक विचार गोष्ठी की गई और युवाओं को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए जिला परियोजना अधिकारी राहुल पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में लगभग 100 युवाओं ने प्रतिभाग किया और प्रथम स्थान पर आने वाले युवाओं को सम्मानित भी किया गया यह प्रतियोगिता संपूर्ण रूप से भारत के संविधान के बारे में आयोजित की गई और युवाओं को प्रमाण पत्र देकर एवं विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नेहरू युवा केंद्र द्वारा संपूर्ण टीम ने अपनी विशेष भूमिका निभाई प्रतिभाग कर रहे युवाओं ने कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी ने अपनी उत्साह और संविधान के प्रति अपनी कृतज्ञता दोनों को व्यक्त किया। युवाओं के चेहरे पर ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इस सफल कार्यक्रम में रंजीत कुमार अमित रॉय हरीश सौरभ सिंह चंद्र सिंह विकास कुमार आदि का संपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में ए0डी0एम0 प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर एवं अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# सपा विधायक पिंकी यादव ने किया पिता का अंतिम संस्कार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- सपा विधायक पिंकी यादव ने अपने पिता और पूर्व मंत्री विजेंद्र पाल सिंह यादव को मुखाग्नि दी। हृदय गति रुकने से पूर्व मंत्री का कल मुरादाबाद में निधन हो गया था। आज पैतृक गांव बहजोई के फदीपुर खुशहाल में अंतिम संस्कार हुआ। वर्तमान में असमोली से सपा विधायक पिंकी यादव पूर्व मंत्री की एकलौती बेटी हैं। पूर्व मंत्री के बेटे का 18 साल पहले सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के अवसर पर संभल सांसद समेत कई विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और तमाम समर्थक मौजूद रहे। हृदय गति रुकने से कल मुरादाबाद में हुई थी पूर्व मंत्री की मृत्यु -कल मुरादाबाद में हुई पूर्व मंत्री की मृत्यु के बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव फरीदपुर खुशहाल लाया गया था। शुक्रवार देर शाम तक उनके घर पर काफी लोगों का जमावड़ा लगा रहा था।रात्रि में ही संभल के सांसद भी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे। आज दोपहर 12 बजे तक भी उनके अंतिम दर्शन के लिए समर्थकों और लोगों की काफी भीड़ जुटी।घर से कुछ दूरी पर हुआ अंतिम संस्कार- घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में उनका अंतिम संस्कार किया गया। विधि पूर्वक पूर्व मंत्री की बेटी पिंकी यादव ने अन्य परिवार जन की मौजूदगी में मुखाग्नि दी। विजेंद्र पाल सिंह के इकलौते बेटे पंकज यादव की 2004 में सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। पिंकी यादव असमोली से लगातार तीसरी बार विधायक हैं।संभल सांसद और कई विधायक रहे मौजूद- पूर्व मंत्री के अंतिम संस्कार के दौरान संभल से लोकसभा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के अलावा गुन्नौर के विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, बिलारी के विधायक फहीम के अलावा कार्यवाहक जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खान और स्थानीय स्तर के भाजपा के नेता भी मौजूद रहे, जिसमें बहजोई के पूर्व चेयरमैन राजेश शंकर राजू, कमल कुमार, रामस्वरूप भी मौजूद थे।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी निधन पर जताया था दुख- पूर्व मंत्री विजेंद्र पाल सिंह के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर दुख जताया था। उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद विजेंद्र पाल सिंह यादव जी का निधन अत्यंत दु:खद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। तीन बार विधायक, सांसद के अलावा मंत्री रहे विजेंद्र पाल रिश्ते में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के ससुर और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाना थे।

# पेन्डिग प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाये-एसएसपी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीणा ने आज संयुक्त रुप से थाना बिलारी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों को सुना और शिकायतों को संबंधितों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के साथ ही थाने के अभिलेख एवं रजिस्टरों को भी चैक किया तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण की गयीं शिकायतों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा एक शिकायतकर्ता से फोन से बात कर शिकायत निस्तारण का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि राजस्व सबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस का सहयोग अवश्य लिया जाये और पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ शिकायतों का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही एस0एच0ओ0, नायब तहसीलदार, लेखपाल आदि मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि थाना दिवस के दिन ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लडाई झगडे के पेन्डिग प्रकरणों को तत्काल निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा छोटी से छोटी शिकायत को भी हल्के में न ले व प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित व समयबद्ध निस्तारण करें। तत्पश्चात् जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने विकास खण्ड कार्यालय बिलारी में चल रहें सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलारी, तहसीलदार बिलारी, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

# मी के साथ होटल में रंगरेलियां मना रही थी महिला, ससुराल वालों ने पकड़ा तो हुआ जमकर हंगामा

मुरादाबाद- अमरोहा- गजरौला में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में अपने प्रेमी के साथ रंग-रंगलियां मनाते समय महिला को उसकी ससुराल के लोगों ने पकड़ा है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। दोनों को चौकी पर ले आए लेकिन, बाद में मामला निपटा दिया गया। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## महिला के पकड़े जाने पर हुआ हंगामा

मामला शनिवार की दोपहर का है। बताते हैं कि हसनपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला अपने प्रेमी से मिलने के लिए गजरौला में हाईवे पर भानपुर रेलवे फाटक से पहले एक होटल में आई थी। इसकी भनक महिला के ससुरालियों को भी लग गई। फिर देवर समेत कई ससुराल के लोग होटल में पहुंच गए और महिला को प्रेमी के साथ रंग-रंगलियां बनाते हुए पकड़ लिया। काफी संख्या में भीड़ जुटने पर हंगामा हो गया।

## लिखित समझौते के बाद पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

कुछ ही देर में 112 डायल व चौपला चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों को चौकी पर आए। यहां पर दोनों ने खुद को बालिग बताते हुए स्वेच्छा से एक साथ होटल में आने की बात बताई। फिर पुलिस ने लिखित रूप में पत्र लेकर दोनों पक्षों को भेज दिया। चौपला पुलिस चौकी प्रभारी नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि दोनों बालिग थे। स्वजन की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बाद में दोनों पक्षों को भेज दिया गया। किसी पक्ष ने कोई तहरीर भी नहीं दी है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Anti-India 'General'

An anti-India news has come from Pakistan. The person in the army whom we have been considering not only as a 'villain' but as a 'murderer', the government has decided to make him the 'general' of the army. If President Arif Alvi does not delay in ratifying the government's decision, Asim Munir will be Pakistan's new army chief and outgoing General Bajwa will retire by handing over the command of 'Rawalpindi' to him. The President can suspend the motion for a decision for a maximum period of 30 days and send it back to the government with the remark of reconsideration. If the government again sends the same proposal to the President, then he will have to seal it under the constitutional obligation. President Alvi has basically been the leader of Imran Khan's Tehreek-e-Insaf Pakistan party, so efforts are on to make the army chief appear unanimously elected. This consent is also questionable, because Imran Khan, when he was the Prime Minister, had dismissed Munir from the post of Director General of the intelligence agency ISI. Then Army Chief General Bajwa also did not object, because Imran was considered his 'favourite prime minister'. General Asim Munir was also the DG of Military Intelligence, but he could only work for a minimum of 8 months as the ISI chief. As the ISI chief, Munir is said to have informed the then Prime Minister Imran that the first lady and her family were involved in corruption activities. Imran bifurcated on this and sacked him. Imran also considers Munir a 'suspicious general', as he has been termed as the choice of exiled Prime Minister Nawaz Sharif. However, General Munir has been considered anti-India because when the Pulwama terror attack was carried out in February 2019, in which 40 brave CRPF personnel were 'martyred', Munir was the head of the ISI. It cannot be assumed that he was not aware of the Pulwama conspiracy. He has also been considered a notorious soldier who hates India, because cross-border terrorism remained in full swing under his patronage. He has played an effective role in providing training to terrorists and providing them arms and ammunition. Although FATF (Financial Action Task Force) had put Pakistan in the 'Grey' list, so terrorist conspiracies and activities had to be reduced, but Pakistani terrorists on the Line of Control and International Border in Jammu-Kashmir and Punjab are still armed with drones. And throw drugs. However, more trouble is going to happen to Pakistan itself. There is an unbalanced situation of 'Army vs People'. The army has become infamous. The people also consider him responsible for the political upheaval. There are pro-Imran and anti-Imran factions in the army as well.oning that how normal are the relations between India and Pakistan? General Bajwa started saying that business relations should be established with India. Also, the ceasefire announced in 2003 should be implemented scrupulously. Will the anti-India generals be able to extend a hand of peace and stability by moving forward on this line and thinking or by appealing to India? General Bajwa is to retire on 29 November. Interestingly, Munir was to retire two days earlier on November 27, but he proved to be a 'Kala Ghoda' and the government made him the army chief. Now that the era of General Munir is about to begin, India has no other option but to beef up its security apparatus. Looks like Pakistan's hostile stance against India will continue.

# Ekta Kapoor's new dice on the small screen from Monday, will now show 'Pyaar Ke Saat Vachan Dharmapatni'

Ekta Kapoor is coming up with a new serial 'Pyaar Ke Saat Vachan Dharmpatni', moving away from the topics like 'Saas Bahu' and 'Naagin', about the seven words of marital bond. The story of this serial is of two couples Ravi Randhawa-Kirti Sachdeva and Pratiksha Parekh-Malhar Thakur. Ravi Randhawa is a rich Punjabi while Kirti Sachdeva is from a middle-class Gujarati family. Ravi and Keerti are childhood friends, on the other hand Pratiksha and Malhar are soon to be. When these two get married and their destinies collide, what will be the impact on their lives? The taunt of this show has been woven around this.According to the story, Pratiksha Parekh is a school teacher and loves to enjoy the little things in life, but fate has taken her to a very strange turn. Her fiance Malhar is a selfish, cunning and opportunistic person and wants to become an IPS. On the other hand, Ravi Randhawa is a famous business tycoon and his girlfriend Kirti Sachdeva is an NGO volunteer who tries her best to help the underprivileged. Under what circumstances do these two couples meet and what turns does their life take after that. How will the threads of their fate get entangled with each other? Fahman Khan playing the character of Ravi Randhawa in Pyaar Ke Saat Vachan Dharmapatni said, 'Ravi Randhawa is a business tycoon from Chandigarh and is at the pinnacle of his career. Fate brings a huge twist in his life and very soon everyone will realize that there are more things in Ravi's life which are not visible. Kritika Singh Yadav, playing the role of Pratiksha Parekh said, 'The most special thing about this serial is that my character is of a girl exactly like me. Along with other things, I am also learning to be strong like Pratiksha through this character. She is an ordinary girl caught in extraordinary circumstances. Little does he know that the lines of his luck are about to change soon, which will change his life completely. Akash Jagga playing the role of Malhar Thakur in the serial 'Pyaar Ke Saat Vachan Dharmapatni' said, 'The character of Malhar Thakur has given me an opportunity to test my mettle as an actor. It depicts an interesting story of an ambitious and cunning character, which I have never played before. I look forward to challenging myself as an actor and hope to create a connect with the audience through this show." And Gurpreet Bedi, playing the character of Kirti Sachdeva says, 'This is one character that I can relate to the best, as I see a lot of similarities between myself and this character. Kirti is fun-loving and wants to help others, but events take a turn in such a way that her dream is shattered. According to the show's producer Ekta Kapoor Kapoor, 'Pyaar Ke 'Saat Vachan Dharmapatni' is a lovely story and the backdrop is based on a theme that is very close to my heart. Each character has a major role to play in taking the story forward and taking a dramatic turn as fate rewrites their destinies. The show stars Fahman Khan, Kritika Singh Yadav, Akash Jagga, Gurpreet Bedi apart from Utkarsh Nayak, Vijay Badlani, Tasneem Khan in pivotal roles. The telecast of this show is going to start from Monday.







# बिजली बिल पर भड़के भाजयुमो मण्डल बिहारपुर के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग का सब स्टेशन घेराव किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आह्वान पर व जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष आदरणीय रविंद्र भारती जी के निर्देशानुसार व भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बिहारपुर के अध्यक्ष पुनीत पाठक की अगुवाई में बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में नारेबाजी के साथ बिजली ऑफिस सब स्टेशन नवगई /बिहारपुर का घेराव किया गया जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा तहसीलदार बिहारपुर व प्रभारी थाना चांदनी को प्रतिलिपि ज्ञापन दिया गया जिस में उपस्थित कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे जिला मंत्री शिव प्रसाद सिंह मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैंस पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष कालीचरण काशी मंडल महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता जी अवध पाठक जी शिवधन गुप्ता जी मुकुंद लाल जयसवाल जी भाजपा मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल साहू जी युवा मोर्चा महामंत्री बीपी जयसवाल रामेश्वर गुप्ता आईटी सेल संयोजक लालमन सिंह जी नर्मदा विश्वकर्मा रामेस्वर जयसवाल जी श्याम नारायण बैंस शिवसरण गुप्ता जी लक्ष्मण जयसवाल रामललन यादव जगदीश इंद्रबली जयसवाल जी सनेल बैंस राम लगन साकेत सुभाग सिंह विजय सिंह रंगदेव सिंह सुरेंद्र सिंह सीता प्रसाद गुप्ता गिरवल गुप्ता प्रताप सिंह संदीप सिंह और भारी संख्या में उपस्थित भाजपा भाजयुमो के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थे/

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला नक्सली सहित चार ढेर,भारी मात्रा में हथियार मिले



पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के पोमरा जंगल में सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला नक्सली सहित चार माओवादी मारे गए। पुलिस ने चारों के शव बरामद कर लिए हैं। उनकी पहचान कराई जाएगी। वहीं पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान भी बरामद किया है। मुठभेड़ मिरतुर थाना क्षेत्र में हुई है। नक्सली इन दिनों अपना पीएलजीए सप्ताह मना रहे हैं। इसके चलते बस्तर में फोर्स अलर्ट पर है। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदराज पी ने बताया कि मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के पोमरा जंगल में सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। टीम ने माओवादी समूह के सदस्यों मोहन कडती और सुमित्रा के साथ होने की सूचना के आधार पर अभियान शुरू किया। बताया गया कि जंगल में उनके करीब 30-40 साथी हैं। ऐसे में पुलिस जवानों ने नक्सलियों के कैंप पर धावा बोल दिया। पोमरा जंगल में दोनों ओर से करीब 30 से 40 मिनट तक मुठभेड़ चली। फायरिंग रुकने के बाद जवानों ने जंगल में सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया। इसके बाद दो महिला नक्सली सहित चार के शव बरामद हुए। शवों के पास ही बंदूक और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। जवानों ने मौके से विस्फोटक, दवाइयां, नक्सल वर्दी, नक्सली साहित्य, तार आदि बरामद किया है।

# बंद मोबाइल नंबर को कराया एक्टिव, फिर एफडी पर लिया 5.40 लाख का लोन, एटीएम से निकाले 3.34 लाख रुपये


महिला ने पुलिस को बताया कि वह फीस के लिए एफडी में से तीन लाख रुपये निकालने गई थीं। तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। बैंक की ओर से उन्हें बताया गया कि छह लाख रुपये की एफडी पर 5 लाख 40 हजार रुपये का लोन लिया गया है। बाकी राशि एटीएम से निकाली गई है, जबकि उनके पास डेबिट कार्ड ही नहीं है छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शातिर ठगों ने बंद हो चुके एक मोबाइल नंबर को फिर से एक्टिव करा महिला के खाते से करीब नौ लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने पहले तो एफडी पर 5.40 लाख रुपये का लोन लिया। फिर खाते से भी एटीएम के जरिए 3.34 लाख रुपये निकाल लिए। जबकि महिला के पास डेबिट कार्ड ही नहीं है। ठगी का पता चलने पर महिला थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। अकाउंट है। उसी खाते में उनकी पेंशन भी आती है। महिला के खाते से पांच फरवरी को एक अज्ञात नंबर से एक रुपये जमा किए गए। इसके बाद एटीएम से रुपये निकाल लिए। जब महिला को बच्चे की फीस जमा करने के लिए रुपयों की जरूरत पड़ी और वह बैंक पहुंची। उन्हें पता चला कि किश्तों में उनके खाते से करीब नौ लाख रुपये निकाले गए हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि वह फीस के लिए एफडी में से तीन लाख रुपये निकालने गई थीं। तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। बैंक की ओर से उन्हें बताया गया कि छह लाख रुपये की एफडी पर 5 लाख 40 हजार रुपये का लोन लिया गया है। महिला ने खाते की डिटेल बैंक से निकलवाने के बाद पुलिस में शिकायत की है। यह भी बताया कि यह अकाउंट उनकी बेटी निशा के मोबाइल नंबर से लिंक था। करीब दो साल पहले उनकी बेटी निशा की मौत हो गई। इसके बाद मोबाइल नंबर बंद करा दिया गया था।

# पुलिस का बना बीट वाटसएप ग्रुप, पुलिस अधिकारी, ग्राम रक्षा समिति व गणमान्य नागरिक है ग्रुप में शामील

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूचना तंत्र को प्रभावी बनाने, अपराधों पर अंकुश लगाने व ग्रामीणों से सतत सम्पर्क को लेकर आईजी सरगुजा श्री राम गोपाल गर्ग ने सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान बीट प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस के द्वारा बीट प्रणाली को सशक्त और मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। बीट प्रणाली को पुख्ता करने को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। बीट का वाटसएप ग्रुप तैयार करने के लिए ग्राम रक्षा समिति, गणमान्य नागरिकों, सरपंच, पंच के मोबाइल नंबर एकत्र कर पुलिस बीट वाटसएप ग्रुप बनाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार, 26 नवम्बर को थाना रामानुजनगर पुलिस के द्वारा ग्राम रक्षा समिति की बैठक ली गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामों को 6 बीट क्षेत्र में बांटा गया है और हर एक बीट में एएसआई, प्रधान आरक्षक व आरक्षक को नियुक्त किया गया है, बीट के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अपनी बीट के अपराधियों, वांछितों और हिस्ट्रीशीटर की जानकारी रखने के साथ ही लोगों से सतत सम्पर्क में रहेंगे। आमजनों में सुरक्षा के भाव को बनाए रखने, अपराध रोकने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में बीट प्रणाली के योगदान के बारे में बताया और इससे जुड़ने की अपील किया। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी ने महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी देकर गूगल प्ले स्टोर के जरिये अभिव्यक्ति ऐप कैसे इंस्टाल की जाती है उसके बारे में बताया साथ ही घरेलू हिंसा, मारपीट, छेड़खानी या अन्य विपत्ति के समय एसओएस बटन के दबाते ही यूजर के लोकेशन पर पुलिस सहायता के लिये पहुंचेगी। महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कारगर इस ऐप के बारे में विस्तार से बताते हुए ऐप डाउनलोड कराया। साइबर अपराध के बारे में बताते हुए बचाव के उपाए बताऐ और यातायात नियमों का पालन करने की समझईश दी। इस दौरान थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# तीन बच्चों के साथ थाने पहुंची महिला ने खुद पर डाला पेट्रोल, आग लगाने से पहले पुलिस ने बचाई जान



कोरबा-भाई से संपत्ति विवाद के चलते महिला ने खुदकुशी का प्रयास किया। आरोप है कि पिता के दिए मकान में रहने के चलते उसका भाई अक्सर ही मारपीट करता है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब पुलिस महिला के घर पहुंची है और जांच कर रही है। उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में शनिवार को महिला और उसके तीन बच्चों की पुलिस की सतर्कता से जान बच गई। महिला थाने पहुंची और खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगी। इससे पहले कि महिला आग लगा पाती, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसकी जान बचा ली। पूछताछ में पता चला कि महिला अपने भाई से परेशान होकर ऐसा कदम उठा रही थी। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।संजय नगर के वार्ड-11 निवासी राजश्री प्रजापित अपने तीन बच्चों के साथ उसके पिता के दिए मकान में रहती है। इसके चलते संपत्ति विवाद में राजश्री से उसका भाई अक्सर मारपीट करता है। इससे परेशान होकर महिला शनिवार को बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंच गई। वहां उसने खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगाने का प्रयास करने लगी। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात गार्ड की नजर पड़ी तो वह दौड़कर पहुंचा और उसे बचाया। महिला राजश्री प्रजापति ने बताया कि जिस मकान में वह अपने बच्चों के साथ रहती है, उस पर उसका भी हक है। इसके बाद भी उसका भाई लगातार परेशान करता रहता है। उसने करीब एक साल पहले इसकी शिकायत भी पुलिस से की थी, लेकिन कोई निराकरण नहीं किया गया। इससे उसके भाई का हौसला बुलंद है और वह आए दिन ही विवाद करते हुए मारपीट करता है। इसी के चलते वह थाने पहुंचकर ऐसा कदम उठा रही थी।

# लैंगिक हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय जेण्डर अभियान' का शुभारम्भ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं व लड़कियों को जागरूक करने के लिए ''राष्ट्रीय जेण्डर अभियान'' का माननीय केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री निरंजन ज्योति ने डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली से द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अभियान के तहत महिलाओं को हिंसा के खिलाफ उपलब्ध कानूनी व अन्य उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसी क्रम में जनपद स्तर पर कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी ने द्वीप प्रज्वलित कर 'राष्ट्रीय जेण्डर अभियान' का शुभारम्भ किया। इस दौरान दिल्ली से आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा व सुना गया। यह अभियान 25 नवम्बर, 2022 से 23 दिसम्बर, 2022 तक चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से गतिविधियों को संचालित कर महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को कम



करने के लिए जागरूक किया जायेगा। शायद ही कभी सरकारी संस्थाओं से मदद मांगती हैं। वे हिंसा व भेदभाव सहती रहती हैं। जिसके फलस्वरूप लैंगिक भेदभाव को कम करने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा को खत्म करने के लिए निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता पर ध्यान देते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के उद्देश्य से इस अभियान का शुभारम्भ किया गया है। अभियान के माध्यम से महिलाएं कानूनी या अन्य मदद लेना भी चाहें तो उनकी समस्याओं का निवारण किया जायेगा।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, डी0सी0एन0आर0 एल0एम0 रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा यदुनाथ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# न्यूमार्डन बार एसोसिएशन तहसील जमुनहा में अधिवक्ता संघ ने मनाया शोक सभा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती-न्यूमार्डन बार एसोसिएशन तहसील जमुनहा में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्य नरायन यादव व महामंत्री हजारी लाल पाठक व तहसील के अन्य अधिवक्ता ने प्रयागराज के पूर्व चेयरमैन अब्दुल रज्जाक अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता का आकस्मिक निधन हो गया है । इस सम्बंध में अधिवक्ता द्वारा शोक सभा एंव 5 मिनट का मौन रखकर उनके मृत्यु आत्मा व परिजनों के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया कि उन्हें दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे । इस मौके पर तहसील के अधिवक्ता उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप वर्मा , महामंत्री हजारी लाल पाठक , तीरथ राम यादव , सिराज अहमद , चीयर मैन कल्यानपुरी उर्फ रशीद , मो0 इदरीश खा , हरीश यादव , कमलेश गुप्ता , प्रकाश मौर्य, रेवती रमण श्रीवास्तव , आदि लोग मौजूद रहे ।

# मुजफ्फरनगर से निकले कैंटर से शराब की पेटियां चोरी, चालक पर संदेह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अकराबाद- मुजफ्फरनगर से जालौन के लिए निकले कैंटर से रास्ते में करीब 16 पेटियां शराब चोरी हो गई। चालक ने अकराबाद क्षेत्र में आकर मालिक को जानकारी दी। इस पर पुलिस गाड़ी व चालक को थाने ले आई। कंपनी ने चालक के विरुद्ध ही मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है। कि चालक ने मिलीभगत करके शराब की पेटियां गायब करवा दीं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कंपनी के ब्रांच मैनेजर विजय शर्मा पुत्र इंद्र शर्मा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि कैंटर चालक गाड़ी को लोड करके अंग्रेजी शराब की 300 पेटियां निधि जायसवाल जालौन के लिए लेकर निकला था। जैसे ही वह अकराबाद थाना क्षेत्र में पहुंचा तो समय करीब रात्रि 2:00 बजे ड्राइवर द्वारा सूचना दी गई कि मेरी गाड़ी में बदमाशों द्वारा करीब 14 से 16 पेटियां शराब चोरी कर ली गई हैं। ड्राइवर की बात सुन मुजफ्फरनगर ब्रांच मैनेजर शुक्ला ने ड्राइवर को 112 नंबर पर कॉल कर सूचना देने और गाड़ी को थाने ले जाने के लिए कहा, इसी बीच 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। गाड़ी को अकराबाद थाने लाया गया। मेनेजर विजय शर्मा ने बताया कि जांच पड़ताल व जीपीएस की रिपोर्ट से पता चला है। कि रास्ते में चालक द्वारा मिलीभगत कर माल को कहीं गायव कर दिया गया है। मेनेजर ने बताया माल की पेटियों की सही गिनती का पता आबकारी टीम के निरीक्षण के बाद ही पता चल सकेगा।कि शराब की कितनी पेटियां कम है। मामले के संबंध में इंस्पैक्टर एमपी सिंह ने बताया है कि कंपनी के ब्रांच मेनेजर की तहरीर पर चालक तोषिन पुत्र सलीम निवासी नेकनामपुर नानी बहादुर गढ़ जनपद हापुड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाई की जा रही है।

# योगी जी की मोदी जी की सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है विरोधी दलों के नेताओं के मिर्ची लग रही हैं - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि विरोधी दलों के नेता किसानों को भड़का कर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हैं विरोधी दलों के नेता बताएं उनके शासन में किसानों को कितना खाल कितना बीज कितना यूरिया मिल रहा था कुछ नहीं मिल रहा था जीरो था



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विरोधी दलों के नेताओं के शासन में किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर था किसानों की पड़ी मट्टी खराब थी किसानों को सिंचाई के लिए पानी तक नहीं मिल रहा था बिजली तक नहीं मिल रही थी योगी के शासन में भरपूर मात्रा में बिजली उपलब्ध हो रही है किसानों को खाद डीएपी उपलब्ध हो रही है विरोधी दलों के नेताओं को मिर्ची लग रही है उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इसमें दादागिरी बदमाश गिरी गुंडागर्दी नहीं चलेगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि योगी जी के शासन में मोदी जी के शासन में इतना किसानों को योजनाओं का लाभ मिला है इतना किसी भी सरकार में नहीं मिला था आज सरकार किसानों के हित में बहुत अच्छा कार्य कर रही है तो विरोधी दलों के नेताओं को बुरा लग रहा है यूपी की जनता ने बहुत मौका दिया है विरोधी दलों के नेताओं को लेकिन उस मौके का कभी किसानों को फायदा नहीं दिया किसानों का उत्पीड़न किया किसान किसानों का अपमान किया धड़का कर किसानों को आंदोलन किया उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है दादागिरी गुंडागर्दी गुंडागर्दी अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# 40 लीटर शराब बरामद

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशनुसार अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपद की आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उल्लहवा, खेदुपुरवा,भयापुरवा के जंगल में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 40 लीटर शराब बरामद की गई और 100 किलोग्राम लहान मौके पर नष्ट किया गया। तथा आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2 अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई ।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0 के0 गिरी ने दी है।

# पुलिस व राजस्व विभाग ने गुणदोष के आधार पर तीन का किया निस्तारण

## समाधान दिवस में आईं 6 शिकायतें

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-अकराबाद - शनिवार को कोतवाली अकराबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान कुल 6 फरियादियों ने अपने-अपने जमीनी विवादों को लेकर समस्याएं रखीं। दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी बरला अभय कुमार पांडे ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर तीन शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निस्तारण किया है। कोतवाल एम. पी. सिंह ने बताया है शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें गठित की गई हैं। जो जल्दी ही मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण करेंगीं। समाधान दिवस के दौरान एस एस आई जनमेद सिंह, पनैठी चौकी इंचार्ज अंशुल शर्मा, मोहम्मद नदीम,रुणिंत तौमर, लेखपाल अवधेश शर्मा सहित राजस्व निरीक्षक पंकज गुप्ता लेखपाल संजय सिंह तोमर, अवधेश कुमार शर्मा, राकेश गुप्ता, पुष्पेंद्र शर्मा, नितेंद्र सेंगर व देवकांत आदि उपस्थित रहे।

